भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4705

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पंजाब में आयुष्मान आरोग्य मंदिर

4705. श्री मलविंदर सिंह कंग:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1 जनवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार पंजाब में जिला-वार, विशेष रूप से रूपनगर, होशियारपुर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएस नगर) और शहीद भगत सिंह नगर (एसबीएस नगर) जिलों में कार्यशील आयुष अस्पतालों, औषधालयों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आयुष (एएएम-आयुष) की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) निगरानी तंत्र के माध्यम से इन सुविधाओं में चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और योग प्रशिक्षकों सहित बुनियादी ढांचे संबंधी किसी गंभीर कमी या जनशक्ति के अभाव को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान एनएएम के अंतर्गत पंजाब द्वारा जारी की गई केंद्रीय निधियों, जमा किए गए राज्य के अंश और प्रस्तुत किए गए उपयोग प्रमाण पत्रों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) मरीजों को एकीकृत स्वास्थ्य सेवा का विकल्प प्रदान करने के लिए राज्य के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष सुविधाओं के सह-स्थान (को-लोकेशन) की स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): पंजाब राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी, 2026 तक, राज्य में 01 एकीकृत आयुष अस्पताल (आईएएच), 06 एकल आयुर्वेद अस्पताल, 477 आयुष औषधालय और 158 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कार्यशील हैं। रूपनगर, होशियारपुर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएस नगर) और शहीद भगत सिंह नगर (एसबीएस नगर) जिलों सहित आयुष सुविधाओं का जिला-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, पंजाब राज्य में आयुष अस्पतालों, औषधालयों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) में अवसंरचना संबंधी कमियों, चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और योग प्रशिक्षकों सहित जनशक्ति के अभाव की पहचान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। राज्य के अनुसार, अभाव की पहचान करने के बाद, 158 आयुष औषधालयों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) के रूप में उन्नत किया गया है और कार्यशील बनाया गया है।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएएम के तहत जारी की गई केंद्रीय हिस्सेदारी, राज्य की हिस्सेदारी और पंजाब राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण पत्रों का वर्ष-वार विवरण **संलग्नक-II** पर दिया

गया है। पंजाब राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वित्तीय सहायता का लाभ नहीं उठाया है।

(घ): भारत सरकार ने राज्य के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की कार्यनीति अपनाई है, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की चिकित्सा के लिए विकल्प उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष चिकित्सकों/चिकित्सा सहायकों की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण का समर्थन किया जा रहा है, जबकि आयुष अवसंरचना, उपकरणों/फर्नीचर और औषधियों के लिए समर्थन राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत आयुष मंत्रालय द्वारा साझा जिम्मेदारियों के रूप में प्रदान किया जा रहा है। पंजाब राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पंजाब राज्य में रोगियों को एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल विकल्प प्रदान करने के लिए 96 पीएचसी (86 ग्रामीण और 10 अर्ध शहरी) और 89 सीएचसी (9 ग्रामीण और 80 अर्ध शहरी) कार्यशील हैं।

*****

संलग्नक-I

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, रूपनगर, होशियारपुर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएस नगर) और शहीद भगत सिंह नगर (एसबीएस नगर) जिले सहित पंजाब राज्य में आयुष सुविधाओं का जिला-वार विवरण:

क्र.सं.	जिला का नाम	50 बिस्तर वाला एकीकृत आयुष अस्पताल	एकल आयुष अस्पताल	आयुष औषधालय	आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)
1	अमृतसर	0	1	19	10
2	बरनाला	0	0	14	1
3	भटिंडा	0	1	26	9
4	फरीदकोट	0	0	8	4
5	फतेहगढ़ साहिब	0	0	3	10
6	फाजिल्का	0	0	17	9
7	फिरोजपुर	0	0	16	3
8	गुरदासपुर	0	0	28	12
9	**होशियारपुर**	0	1	48	5
10	जालंधर	0	1	34	8
11	कपूरथला	0	0	27	7
12	लुधियाना	0	1	31	17
13	मनसा	0	0	10	5
14	मोगा	1	0	12	1
15	**मोहाली/एसएएस नगर**	0	0	28	5
16	मुक्तसर साहिब	0	0	15	2
17	पठानकोट	0	0	15	6
18	पटियाला	0	1	28	11
19	**रोपड़/रूपनगर**	0	0	16	12
20	संगरूर	0	0	31	9
21	**एसबीएस नगर**	0	0	25	6
22	तरनतारन	0	0	21	6
23	चंडीगढ़	0	0	5	0
	कुल	**1**	**6**	**477**	**158**

संलग्नक-II

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जारी की गई केंद्रीय हिस्सेदारी, राज्य की हिस्सेदारी और पंजाब राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण पत्रों का वर्ष-वार विवरण:

(लाख रूपए में)

वर्ष	जारी किया गया केंद्रीय हिस्सा	जारी किया गया राज्य का हिस्सा	जारी की गई कुल धनराशि	उपयोग की गई धनराशि	प्रस्तुत यूसी
2023-24	109.85	73.233	183.083	109.85	61.46
2024-25	1701.10	1134.067	2835.167	298.09	1398.961